06/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। कटरा में चेनाब ब्रिज और अंजी खाद ब्रिज का उद्घाटन करते हुए मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अत्याधुनिक चेनाब ब्रिज जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश अब रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लाइन परियोजना एक नए, सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है और भारत की बढ़ती ताकत का एक शानदार उद्घोष है।

0000000000000000000000

आकाशवाणी समाचार प्रस्तुत करता है एक विशेष श्रृंखला जो भारत सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रयासों पर आधारित है। आज का विषय है - **“सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, - भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना की कुंजी।**

Byte:- AMRIT PEEDHI

0000000000000000000000

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन द्वारा गत गुरुवार को ईटानगर में इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च किया गया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे कार्बन उत्सर्जन को कम करने, सार्वजनिक परिवहन कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और राज्य के लिए एक हरित, टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए एक

परिवर्तनकारी कदम बताया। इलेक्ट्रिक बस सेवा जल्द ही नामसाई, तेजू, पासीघाट और रोइंग सहित प्रमुख शहरों तक विस्तारित होगी।

0000000000000000000000

राज्य सरकार ने अवैध बांग्लादेशी इमिग्रेंट्स का पता लगाने और उन्हें निर्वासित करने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। केंद्रिय गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, राज्य प्रशासन ने सभी जिलों को अवैध इमिग्रेंट्स की पहचान करने और इनर लाइन परमिट प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए तुरंत जिला टास्क फोर्स का गठन करने के निर्देश जारी किए गए है। गत बुधवार को राज्य गृह मंत्री के सलाहकार मुचू मिथी और डीजीपी आनंद मोहन की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

0000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस ने **बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन** के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत आज लगातार दूसरे दिन भी पापू हिल्स, नाहरलागुन, निरजुली और बांदरदेवा में इनर लाइन परमिट (ILP) चेकिंग अभियान जारी रखा। अभियान के दौरान, कुल 219 व्यक्तियों को वैध ILP के बिना पाया गया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने ईद-उल-जुहा के पुर्व संध्या पर राज्य के लोगों, खासकर मुस्लिम समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने इस अवसर पर सभी के लिए शांति, खुशी और समृद्धि की कामना की।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग (IMD) द्वारा भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर, ईटानगर राजधानी क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट तोको बाबू ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भूस्खलन और बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों से तुरंत उस जगह को खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया गया है। आदेश के अनुसार, पहाड़ियों, घाटियों, नदी के किनारों या पहाड़ी ढलानों के पास रहने वाले लोग गंभीर जोखिम का शिकार हो सकते हैं, और इस एडवाइजरी का पालान न्हीं करने वाले किसी भी तरह के मुआवजे के पात्र नहीं होंगे।

0000000000000000000000

सुरक्षा बलों द्वारा गुरुवार को राज्य के लोंगडिंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा पर एक समन्वित अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान, गश्ती दल का सामना अज्ञात आर्म्ड कैडर्स से हुआ जिसने गोलिबारी शूरू की। बलों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिससे आर्म्ड कैडर्स को सीमा पार म्यांमार में वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

0000000000000000000000

सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (NBE) को 3 अगस्त, 2025 को एक शिफ्ट में NEET-PG 2025 परीक्षा आयोजित करने की अनुमति दे दी है। यह परीक्षा पहले 15 जून को होनी थी।

0000000000000000000000

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में, जिला प्रशासन एवं जिला आईसीडीएस सेल, यूपिया ने एएमए के विजन **फाउंडेशन डिटॉक्सिफिकेशन सेंटर**, यूपिया के कैदियों के लिए एक योग सत्र और वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया।

000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के वेस्ट कामेंग, क्रा दादी, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, शी-योमी, सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, अंजाव, नामसाई, चांगलांग, तिराप और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

000000000000000000000

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) अगले 21 जून को “एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग” थीम के तहत मनाया जाएगा, जिसमें समग्र कल्याण और ग्रह स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। पिछले एक दशक में, IDY एक वैश्विक कल्याण आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है।

00000000000000000000000

विश्व की प्राचीन परंपरा, संस्कृति और विरासत के शोध संस्थान (RIWATCH) ने वैश्विक थीम "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" के तहत पर्यावरणीय गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ कल विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया।

00000000000000000000000